>

Title: Need to provide immediate relief to the people affected by floods in Bhagalpur district of Bihar.

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन (भागलपुर): अध्यक्ष महोदया, मैं भागलपुर की बाढ़ के बारे में कहना चाहता हूं।...(व्यवधान) भागलपुर में बहुत ज्यादा बाढ़ आई है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: Shri Syed Shahnawaz ji is speaking now. Allow him to speak now. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : गंगा नदी में बाढ़ है। भागलपुर में पूरी मिर्जा चौकी, पीरपैंती, कहलगांव का एरिया डूबा हुआ है।...(व्यवधान) किसानों की हालत बहुत खराब है क्योंकि केले की खेती नौगछिया बैल्ट में होती है, वह पूरी तरह डूब गई है।...(व्यवधान) मैं आपसे अनुरोध करना चाहता हूं कि यह प्राकृतिक आपदा है क्योंकि फरक्का का फाटक नहीं खुला, पूरा पानी भागलपुर और बंगाल के बार्डर तक जाकर रुका हुआ है। वहां बहुत भयंकर बाढ़ आई है।...(व्यवधान) भागलपुर में त्राहि-त्राहि है। वहां की सरकार को लोगों को टोटल रिलीफ देना चाहिए। नाव की व्यवस्था करनी चाहिए। वहां व्यवस्थाओं की कमी दिख रही है।...(व्यवधान) आम लोगों में बहुत परेशानी है। अध्यक्ष महोदया, मैं इस मुद्दे को कई दिनों से उठा रहा हूं क्योंकि भागलपुर की बैल्ट में बहुत बड़ी तादाद में खेती होती है। वहां किसानों को पूरा मुआवजा दिया जाए।...(व्यवधान) गंगा नदी राष्ट्रीय नदी है। उसकी वजह से बाढ़ आई है। इसलिए केन्द्र सरकार भी इसका पूरी तरह संज्ञान ले। जिस तरह कोसी की बाढ़ आई थी उसी तरह गंगा जी की बाढ़ है। पूरा भागलपुर जलमग्न है। इस वजह से मैं इस विषय को कई दिनों से आपके संज्ञान में ला रहा था।...(व्यवधान) मैं चाहता हूं कि सरकार इसका संज्ञान ले क्योंकि भागलपुर में पीरपैंती, कहलगांव, नाथ नगर, नौगछिया, गोपालपुर आदि पूरा इलाका डूब गया है। बगल में खगरिया का एरिया डूब गया है।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: He is speaking on a different subject. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : गंगा के तट पर यह बहुत बड़ी बाढ़ है। केन्द्र सरकार कोई सहयोग नहीं कर रही है। भारत सरकार ने जिस तरह कोसी की बाढ़ के समय पैसा दिया था, उसी तरह गंगा की बाढ़ के लिए भी पूरा सहायता देनी चाहिए।...(व्यवधान) बिहार सरकार को भी उस इलाके में राहत कार्य तेजी से करना चाहिए।...(व्यवधान) किसान परेशान हैं क्योंकि जानवरों को चारा नहीं मिल रहा है।...(व्यवधान) पूरा नार्थ बिहार बेगुसराय, खगरिया, भागलपुर, बंगाल, फरक्का तक गंगा के तट पर बसा हुआ है। गंगा में जब ज्यादा पानी आता है तो फरक्का तक फाटक से पानी रोक दिया जाता है। फरक्का में बंगलादेश से एग्रीमैंट है। अगर फरक्का का पानी खोला जाएगा तब जाकर वहां बाढ़ का प्रकोप कम होगा।...(व्यवधान) इसलिए गंगा जी का जलस्तर ऊंचा उठता जा रहा है और सरकार कोई संज्ञान नहीं ले रही है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मेरा आपसे अनुरोध है कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार इस बारे में संज्ञान ले और भागलपुर के इलाके में राहत कार्य तेजी से चलाया जाए।...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: Please go back to your seats. He is speaking on a different subject. That subject is over. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: We are on a different subject now. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MADAM SPEAKER: We have other works to do. Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : बाढ़ राहत के नाम पर कोई बहुत बड़ा कार्यक्रम नहीं चल रहा है।...(व्यवधान) लोगों के घर डूब गए हैं।...(व्यवधान) हमारा अनुरोध है कि सरकार इस पर बयान दे। भागलपुर और साथ ही गंगा तट पर जो बाढ़ है,...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, मैं बिहार का दर्द यहां रख रहा हूं। बिहार में एक तरफ बाढ़ है और दूसरी तरफ सुखाड़ है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, बिहार की बाढ़ पर सरकार को युद्धस्तर पर कार्रवाई करनी चाहिए। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : आपकी बात पूरी हो गयी।

â€¦(व्यवधान)

श्री सैयद शाहनवाज़ हुसैन : बिहार की बाढ़ पर सरकार को युद्धस्तर पर कार्रवाई करनी चाहिए। ...(व्यवधान) सरकार को युद्धस्तर पर कार्य चलाना चाहिए।

...(व्यवधान)